## न्यूज डायरी



### पाक डॉक्टर की इलाज के दौरान मौत, अब विडियो वायरल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में कोरोना वायरस से जिन 7 लोगों की मौत हुई है उनमें गिलगित बाल्टीस्तान के एक युवा डॉक्टर भी शामिल हैं। डॉ.उसामा रियाज (26) के पास मरीजों की जांच करते वक्त जरूरी मास्क और ग्लव्स तक नहीं थे। लेकिन इस बात की परवाह किए बिना वह मरीजों के इलाज में जुटे रहे। पाकिस्तान में हीरो बनकर उभरे उसामा का एक विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह लोगों से अपील कर रहे हैं कि वे कोरोना का मजाक न बनाएं और गंभीरता से लें। अपने परिवार की खातिर, कौम की खातिर घर में रहें। विडियो में वह अस्पताल की बेड पर लेटे हैं और उन्हें बोलने में तकलीफ हो रही है। उन्होंने कहा, मैं अपील करता हूं कि इस वायरस को मजाक न समझें। खाने पीने के पीछे न भागें। इसे गंभीरता से लें।

### पाकिस्तान में कोरोना वायरस से जंग के लिए इमरान खान ने खोला खजाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। कोरोना वायरस के कहर से जूझ रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने इस महामारी से निपटने के लिए खजाना खोल दिया है। इमरान खान ने मंगलवार को 1.13 ट्रिल्यन रुपये के वित्तीय पैकेज का ऐलान किया है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने यह आर्थिक पैकेज कोरोना से जंग और अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले इसके प्रभाव को देखते हुए घोषित किया है। अब तक इस पूरे संकट से बहुत लापरवाही से निपटने के आरोपों का सामना कर रहे इमरान ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी 15 रुपये की भारी कमी की है। दरअसल, महंगाई और टिड्डों के हमले की मार झेल रहे पाकिस्तान की कोरोना वायरस ने हालत पस्त कर दी है। देश में अब तक कोरोना वायरस से 990 लोग संक्रमित हुए हैं और अब तक 7 लोगों की मौत हो गई है।

### उत्तरी प्रशांत क्षेत्र में भूकंप का झटका, हवाई में सुनामी की चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। उत्तरी प्रशांत महासागर क्षेत्र में बुधवार को 7.5 तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस किया गया जिसके बाद रूस के सुदूर पूर्वी कुरील द्वीपसमूह पर करीबी समुद्र तटों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की गयी है। हवाई में सुनामी की आशंका को लेकर निगरानी रखी जा रही है। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण के अनुसार जापान के उत्तर में स्थित कुरील में 219 किलोमीटर दक्षिण–दक्षिण पूर्व में स्थित सेवेरो में भूकंप का झटका महसूस किया गया। प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि भूकंप के केंद्र के एक हजार किलोमीटर के दायरे में सुनामी की खतरनाक लहरों की आशंका है। चेतावनी में यह भी कहा गया है कि पहले भी इतनी क्षमता वाले भूकंप के बाद भूकंप केंद्र से दूर सुनामी की आपदाएं आ चुकी हैं। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने कहा कि भूकंप का झटका जोरदार था जिसकी तीव्रता 7.8 थी और इससे जापान के तटों के आसपास समुद्र के जलस्तर में मामूली बदलाव आ सकता है।

### ग्रेटा थनबर्ग को कोरोना वायरस होने का संदेह, खुद को किया आइसोलेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** स्टॉकहोम। क्लामेंट चेंज और ग्लोबल वॉर्मिंग जैसे मुद्दे पर शक्तिशाली देशों को आइना दिखाने वाली पर्यावरण ऐक्टिविस्ट ग्रेटा थनबर्ग का कहना है कि ऐसा लग रहा है कि उन्हें और उनके पिता स्वांते थनबर्ग कोरोना वायरस से संक्रमित हैं। कोरोना के पिता स्वीडन के ऐक्टर हैं। वह अपने पिता के साथ आइसोलेशन में चली गई हैं और लोगों से अपील कर रही हैं कि वे घरों में रहें। न्यू साइंटिस्ट को दिए इंटरव्यू में ग्रेटा (17) कि दोनों में कोविड19 के लक्षण नजर आए हैं। ये लक्षण यूरोप में साथ में ट्रेन में सफर करने के बाद दिखे हैं। विभिन्न देशों में लगाए गए प्रतिबंधों से पहले दोनों ने ट्रेन में सफर किया था। हालांकि, वह जोर देती हैं कि दोनों में से किसी का वायरस टेस्ट नहीं हुआ है क्योंकि स्वीडन में सिर्फ उनका टेस्ट हो रहा है जिनमें गंभीर लक्षण दिख रहे हैं और उनका जिनसे ज्यादा खतरा है।

# अमेरिका में कोरोना वायरस का कहर

**मुसीबत**

## एक ही दिन में 150 अमेरिकियों ने इस संक्रमण से अपनी जान गंवा दी है

मरने वालों का आंकड़ा 772 पहुंच गया है जबकि 54,323 लोग संक्रमित



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाशिंगटन। अमेरिका में कोरोना वायरस के एक दिन में ही करीब 10,000 मामले सामने आए हैं जबकि 150 अमेरिकियों ने इस संक्रमण से अपनी जान गंवा दी है। इसके साथ ही देश में मरने वालों का आंकड़ा 772 पहुंच गया है जबकि 54,323 लोग संक्रमित हैं। इस बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 12 अप्रैल यानी ईस्टर तक देश की अर्थव्यवस्था के पटरी पर आने की उम्मीद जताई है। लाखों अमेरिकियों के लॉकडाउन होने, नैशनल गार्ड और सैन्य बलों की कई राज्यों में तैनाती के बावजूद न्यूयॉर्क में ही कम से कम 53 लोगों की मौत हो गई है और मंगलवार को कम से कम 5,000 नए मामले सामने आए। न्यूयॉर्क में अभी तक कोविड–19 के 25,000 से अधिक मामले सामने आए हैं और 210 लोगों की मौत हो चुकी है। कोरोना से संक्रमित देशों में अमेरिका तीसरे नंबर पर पहुंच गया है।

**न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी कोरोना के गढ़**

कोविड–19 के मामलों की जानकारी देने वाली वेबसाइट वर्ल्डोमीटर के अनुसार, अकेले मंगलवार को देशभर में संक्रमण के करीब 10,000 नए मामले सामने आए जिससे कोरोना वायरस के मामलों की कुल संख्या 54 हजार के आंकड़े को पार कर गई है। जबकि एक ही दिन में 150 लोगों की मौत से मृतकों की कुल संख्या करीब 772 पर हो गई। न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी के अलावा कैलिफोर्निया, मिशिगन, इलिनोइस और फ्लोरिडा भी कोरोना वायरस के केंद्र बन चुके हैं। हालांकि इस बीमारी की चपेट में सबसे पहले आए वाशिंगटन राज्य में कोई नया मामला या मौत की खबर नहीं आई है। ट्रम्प ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा कि उन्हें उम्मीद है कि करीब तीन हफ्तों यानी ईस्टर तक स्थिति सामान्य हो जाएगी। ईस्टर 12 अप्रैल को है। राष्ट्रपति ने कहा, 'मैं हर किसी को सामाजिक दूरी बनाने, बड़ी संख्या में एकत्रित होने से बचने, हाथ धोने और अन्य चीजों का पालन करने के लिए प्रेरित करना चाहता हूं। अंततरू हमारा लक्ष्य दिशा निर्देशों में ढील देना और देश के बड़े वर्ग के लिए चीजें सामान्य करना है।'

**अमेरिका में 3,70,000 लोगों की जांचः** उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि हम ईस्टर तक यह कर सकते हैं। मुझे लगता है कि यह हमारे देश के लिए बड़ी चीज होगी और हम इसे सच्चाई में बदलने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।' साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि कांग्रेस दो हजार अरब डॉलर के उस विधेयक को जल्द ही पारित कर देगी जिससे संघर्षरत अमेरिकियों को सीधे नकद भुगतान किया जा सकेगा।

व्हाइट हाउस कोरोना वायरस कार्य बल की संयोजक देबराह एल बिर्क्स ने पत्रकारों को बताया कि अभी तक 3,70,000 जांच की जा चुकी है जिनमें से 2,20000 लोगों की जांच पिछले आठ दिनों में की गई।

## दुनिया में कोरोना वायरस की महामारी अमेरिकी पोर्न इंडस्ट्री पर लगा ताला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। दुनिया में पोर्न इंडस्ट्री का हब कहे जाने वाले नॉर्थ अमेरिका में कोरोना वायरस के महामारी को देखते हुए प्रॉडक्शन को रोक दिया गया है। पोर्न इंडस्ट्री के संगठन द फ्री स्पीच कोअलिशन ने स्वेच्छा से यह फैसला लिया है। वयस्क सामग्री बनाने पर यह रोक 31 मार्च तक लगाई गई है। संगठन ने कहा है कि किसी को भी अपने घर के साथी को छोड़कर किसी अन्य के साथ एडल्ट कंटेंट बनाने की छूट नहीं है।

संगठन ने एक बयान जारी कर कहा, अमेरिका और कनाडा में सभी वयस्क मनोरंजन के प्रॉडक्शन पर स्वेच्छा से रोक लगा दिया गया है। यह अगले नोटिस तक जारी रहेगा। कोअलिशन ने बताया कि उसे पिछले कुछ दिनों से यह रिपोर्ट मिल रही थी कि वयस्क सामग्री बनाने वाले कलाकारों को कोरोना वायरस के लक्षण मिलने पर उन्हें घरों में ही अलग–थलग रखा गया है। चूंकि जांच की व्यापक सुविधा नहीं है, इसलिए यह मान लिया गया है कि ज्यादातर लोग कोरोना वायरस पॉजिटिव हैं। इससे पहले कोअलिशन की सलाह पर सेक्स वर्कर्स ने प्रॉडक्शन रोक दिया था। संगठन ने सलाह दी थी कि अगर किसी का कोई पुराना एडल्ट कंटेंट बचा हुआ है तो वह जारी कर सकता है।



## इटली में एक दिन में 743 लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रोम। कोरोना वायरस की मार से सबसे ज्यादा जूझ रहे इटली में लगातार तीसरे दिन इस महामारी के संक्रमण में गिरावट आई है। इटली में सोमवार को 3,780, मंगलवार को 3,612 और रविवार को 3,957 मामले सामने आए थे। हालांकि मंगलवार को इटली में 743 लोगों की कोरोना के संक्रमण से मौत हो गई। इससे पहले शनिवार को इटली में 793 लोगों की मौत हो गई थी। इटली में नए संक्रमण के मामलों में गिरावट से मेडिकल ऑफिसर खुश होने लगे थे और कहा जाने लगा कि इटली ने अपनी अर्थव्यवस्था और आजादी को दांव पर लगाया जिसका सकारात्मक असर देखने को मिला। हालांकि, एक दिन बाद ही यह खुशी फीकी पड़ गई है। मंगलवार को इटली में 743 लोगों की मौत हो गई।

## गुरुद्वारे में प्रार्थना के लिए जुटे सिख समुदाय पर हमला, 4 की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



काबुल। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में सिखों के धार्मिक स्थल पर बुधवार को आतंकी हमला हुआ जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उस वक्त गुरुद्वारे में सिख समुदाय के लोग प्रार्थना के लिए जमा हुए थे। आंतरिक मामलों के मंत्रालय ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि अज्ञात बंदूकधारियों और सूइसाइड बॉमर ने अटैक को अंजाम दिया है। उल्लेखनीय है कि अफगानिस्तान में सिख समुदाय मुख्य रूप से जलालाबाद और काबुल में रहते हैं।

वहीं, आंतरिक मंत्रालय के प्रवक्ता तारिक आरियन ने पत्रकारों को बताया कि हमले के तुरंत बाद सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया और जवाबी कार्रवाई कर रहे हैं। हमले के पीछे कौन लोग थे इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। उधर, सांसद नरिंदर सिंह खालसा ने कहा कि जब हमला हुआ तब वह गुरुद्वारे के नजदीक ही थे और वह भागकर वहां पहुंचे। उन्होंने कहा कि हमले में कम से कम चार लोगों की मौत हुई है।

अल्पसंख्यक सिखों पर यह पहला हमला नहीं है। पहले भी अफगानिस्तान में उनपर हमले होते आए हैं और डरकर वे भारत आने को मजबूर हुए हैं। 2018 में भी जलालाबाद में आत्मघाती हमला हुआ था जिसमें 13 सिख मारे गए थे। हमले की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट ने ली थी। हमले से सिख समुदाय इतना डर गया था कि उन्होंने देश छोड़ने का फैसला कर लिया था। अफगानिस्तान में 300 से भी कम सिख परिवार रहता है जिनके पास दो ही गुरुद्वारा है। एक जलालाबाद और एक काबुल में।

## कोरोना मरीजों की जा रही सूंघने, स्वाद की क्षमता, नए लक्षण ने बढ़ाई डॉक्टरों की चिंता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रोम। क्या कोरोना वायरस सूंघने की क्षमता और टेस्ट (स्वाद) को भी खत्म कर देता है। कोरोना मरीजों में यह भी एक लक्षण हो सकता है। दरअसल, अब तक फीवर, ड्राई कफ, बाडी पेन और सांस लेने में तकलीफ को ही कोरोना का लक्षण बताया गया था लेकिन कई मरीजों ने शिकायत की है कि उन्हें न महक महसूस होती है और न ही खाने में स्वाद लगता है। इसने अलग तरह की चुनौती पेश कर दी है, क्योंकि कई मरीज ईएनटी स्पेशलिस्ट के पास इलाज के लिए जा रहे हैं और हो सकता है वे कोरोना मरीज हों, लेकिन डॉक्टरों को इसकी जानकारी न हो पाने के कारण वे बिना प्रॉटेक्टिव सूट के उनका इलाज कर रहे हैं।

कोरोना पॉजिटिव ओलिविया हाइन्स नाम की एक महिला ने संक्रमण के चार दिन बाद महसूस किया कि न तो उन्हें किसी चीज की महक महसूस हो रही है और न ही किसी चीज को खाने पर कोई स्वाद लग रहा है। उनकी खांसी और फीवर कम हुआ तो खाने की तलब होने लगी।